RNA : Real News Analysis

DAILY CURRENT AFFAIRS

UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,
और अन्य सभी सरकारी परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण

DATE
मई
21
2025

Key Point

1. National News
2. International News
3. Govt. Mission, Apps
4. Awards & Honours
5. Sports News
6. Economic News
7. Newly Appointment
8. Defence News
9. Important Days
10. Technology News
11. Obituary News
12. Books & Authors

By Ankit Avasthi Sir

स्वेज़ नहर संकट / Suez Canal Crisis

संदर्भ:

मिस्र की **स्वेज नहर प्राधिकरण (SCA)** ने **130,000 मीट्रिक टन या उससे अधिक क्षमता वाले कार्गो जहाजों** के लिए **ट्रांजिट शुल्क में 15% की छूट** देने की घोषणा की है। यह फैसला **रेड सी (Red Sea) में बढ़ते सुरक्षा संकट** के चलते लिया गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर प्रभाव पड़ा है, जो अरब प्रायद्वीप, पूर्वोत्तर अफ्रीका और अरब सागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है।

स्वेज़ नहर संकट: वैश्विक व्यापार पर असर-

- **हौती मिलिशिया के हमले**: नवंबर 2023 से यमन की हौती मिलिशिया द्वारा रेड सी (लाल सागर) में लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिससे यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग असुरक्षित हो गया है। यह मार्ग स्वेज़ नहर के माध्यम से वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख रास्ता है।
- **वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़**: सुरक्षा संकट के चलते अब जहाज़ों को लंबा और महंगा **Cape of Good Hope** (केप ऑफ गुड होप) मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे **वैश्विक व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव** पड़ा है और **परिवहन लागत** में भारी वृद्धि हुई है।

स्वेज़ नहर: यूरोप-एशिया व्यापार की जीवनरेखा:

- **स्थिति:** स्वेज़ नहर मिस्र में स्थित एक कृत्रिम समुद्री जलमार्ग है, जो **भूमध्य सागर** को **लाल सागर** से जोड़ती है।
- **निर्माण:** इसका निर्माण फ्रांसीसी अभियंता **फर्डिनेंड डी लेसेप्स** द्वारा किया गया था।
- **पूर्णता और संचालन:** नहर **1869** में पूर्ण हुई, लेकिन **1879** में नौवहन के लिए खोली गई।
- **राष्ट्रीयकरण:** मिस्र ने इसे **1956** में राष्ट्रीयकृत किया।
- **लंबाई:** लगभग **193 किमी**।
- **रणनीतिक महत्व:**
  - यह यूरोप और एशिया के बीच सीधे जहाज़ी संपर्क की सुविधा देती है, जिससे अफ्रीका को घेरने की आवश्यकता नहीं रहती।
  - यह मार्ग यात्रा दूरी को **लगभग 7,000 किमी** तक घटा देता है।
  - स्वेज़ नहर के माध्यम से **वैश्विक व्यापार का 12–15%** संचालित होता है, जिसमें तेल और गैस का बड़ा हिस्सा शामिल है।

स्वेज़ नहर संकट: भारतीय व्यापार पर प्रभाव:

- **जहाज़ी मार्ग में बदलाव**: हौती हमलों के बाद, भारत के **पश्चिमी गोलार्ध के लगभग 90% कार्गो** को अब **Cape of Good Hope** के लंबे मार्ग से भेजा जा रहा है।
- **अनुबंधगत प्रभाव**: प्रभाव खरीदार-बेचने वाले के बीच हुए अनुबंध की प्रकृति पर निर्भर करता है। कुछ खेपों को बढ़ी हुई मालभाड़ा लागत के कारण रोका गया है।
- **मालभाड़ा दरों में उछाल**: कुछ मामलों में मालभाड़ा लागत छह गुना तक बढ़ गई है, जिससे विशेष रूप से कम मूल्य, अधिक मात्रा वाले कार्गो और खाद्य सामग्री प्रभावित हो रही हैं।

भारत के आयात पर प्रभाव:

- **आयात लागत में वृद्धि:** लंबा ट्रांजिट समय और संकट के कारण आयात महंगे हो गए हैं, जिससे इंवेंट्री प्रबंधन में सुधार की आवश्यकता बढ़ेगी।
- **ईंधन कीमतों पर असर:** भारत की कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता को देखते हुए, यह संकट ईंधन कीमतों में कटौती की योजनाओं को प्रभावित किया है।
- **टैंकर बाजार की स्थिति:** प्रभावित मार्गों के लिए मालभाड़ा बढ़ा है, लेकिन अब तक **टैंकरों का व्यापक मार्ग परिवर्तन** नहीं देखा गया है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान जल विवाद: कुनार नदी / Pakistan-Afghanistan water dispute: Kunar River

संदर्भ:

तालिबान नेतृत्व वाली अफगान सरकार ने पाकिस्तान की ओर बहने वाली **कुनार नदी** पर डैम बनाने की योजना को आगे बढ़ा दिया है। यह कदम भारत की हालिया जल परियोजनाओं की तर्ज पर उठाया गया माना जा रहा है, जिससे पाकिस्तान को मिलने वाले पानी के प्रवाह पर असर पड़ सकता है।

कुनर नदी (Kunar River): भौगोलिक महत्व-

- **लंबाई:** लगभग **480 किमी**
- **स्थान: पूर्वी अफगानिस्तान** और **उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान** में स्थित
- **उद्गम:** कुनर नदी का जल स्रोत **हिंदू कुश पर्वतों की बर्फ और ग्लेशियरों** के पिघलने से होता है।

- **प्रवाह पथ:**
  - **लुतखो नदी** और **मस्तूज नदी** चितराल (पाकिस्तान) के उत्तर में मिलती हैं।
  - इसके बाद इसे **चितराल नदी** कहा जाता है।
  - यह दक्षिण की ओर बहती हुई **अफगानिस्तान की कुनर घाटी** में प्रवेश करती है, जहाँ इसका नाम **कुनर नदी** हो जाता है।
- **मिलन बिंदु:**
  - कुनर नदी **जलालाबाद** के पूर्व में **काबुल नदी** में मिल जाती है।
  - फिर यह संयुक्त धारा **पूर्व की ओर पाकिस्तान** में बहती है और पुन: **चितराल नदी** कहलाती है।
  - अंतत: यह **अटॉक (Attock)** शहर के पास **सिंधु नदी** में मिल जाती है।
- **महत्व:** यह नदी भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान की **पारवर्ती नदी प्रणालियों** का हिस्सा है और **आर्थिक, पारिस्थितिकीय व रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण** है।

कुनर नदी पर प्रस्तावित डैम: क्षेत्रीय प्रभाव और विवाद-

तालिबान सरकार का दावा:

- **जल और ऊर्जा मंत्रालय** के प्रवक्ता के अनुसार, डैम का **सर्वे और डिज़ाइन** तैयार हो चुका है।
- निर्माण के लिए अब केवल **वित्तीय संसाधनों** की आवश्यकता है।

प्रमुख लाभ (यदि डैम बनता है तो):

- **45 मेगावाट** बिजली उत्पादन
- **1.5 लाख एकड़ कृषि भूमि** को सिंचाई के लिए पानी
- **ऊर्जा संकट में कमी** और **खाद्य सुरक्षा में सुधार** की संभावना

काबुल नदी जल विवाद: पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव का कारण-

औपचारिक समझौते का अभाव:

- काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है।
- यह स्थिति जल संसाधनों के उपयोग और नियंत्रण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देशों की कमी को दर्शाती है।

पाकिस्तान की चिंता:

- पाकिस्तान कई बार अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं को लेकर चिंता जता चुका है।
- उसका मानना है कि इन परियोजनाओं से पाकिस्तानी क्षेत्र में जल की आपूर्ति घट सकती है, जिससे खेती, पीने के पानी और बिजली उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

क्षेत्रीय जल संकट की आशंका:

- जल के समान बंटवारे को लेकर समझौता न होने के कारण दोनों देशों के बीच **तनाव बढ़ने की संभावना** बनी रहती है।
- यह विवाद भविष्य में **कूटनीतिक तनाव, खाद्य असुरक्षा और जल संकट** को जन्म दे सकता है

पाकिस्तान की आशंका-

- **जल प्रवाह में गिरावट:** पाकिस्तान मीडिया के अनुसार, डैम बनने से **काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17% तक की कमी** आ सकती है।
- **संभावित प्रभाव:**
  - पाकिस्तान की **खेती और जल आपूर्ति** पर गंभीर असर
  - क्षेत्रीय **जल विवादों** को बढ़ावा मिलने की आशंका

ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया / Overseas Citizenship of India

संदर्भ:

भारत सरकार ने हाल ही में **ब्रिटेन स्थित शिक्षाविद् प्रोफेसर निताशा कौल** की **ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (OCI)** की मान्यता रद्द कर दी है। सरकार का आरोप है कि प्रोफेसर कौल शैक्षणिक और सार्वजनिक मंचों के माध्यम से देश की संप्रभुता और संस्थानों को बदनाम करने जैसी भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल रही हैं।

परिचय:

- **शुरुआत**: OCI योजना की शुरुआत 2005 में **प्रवासी भारतीय दिवस** के दौरान हुई थी।
- यह **विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों** (विशेषकर विकसित देशों में) की **दोहरी नागरिकता की मांग** के उत्तर में लाई गई थी।
- इसे **भारत से भावनात्मक जुड़ाव** के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया।

योग्यता मानदंड:

- गृह मंत्रालय के अनुसार, कोई व्यक्ति OCI के लिए पात्र है यदि:
  - वह **26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत का नागरिक था**, या
  - उस तिथि को भारत का नागरिक बनने के लिए **पात्र था**, या
  - ऐसा व्यक्ति का **संतान या पोता/पोती** हो।
- **अनुच्छेद 7A** के अनुसार, यदि आवेदक, उसके माता-पिता या दादा-दादी कभी पाकिस्तान या बांग्लादेश के नागरिक रहे हों, तो वह OCI कार्ड के लिए अयोग्य है।
- **2015** में **नागरिकता (संशोधन) अधिनियम** के तहत PIO और OCI श्रेणियों का विलय कर दिया गया।

OCI कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ:

- **मल्टीपल एंट्री, मल्टी-पर्पस, लाइफ-लॉन्ग वीज़ा** भारत आने के लिए।
- भारत में किसी भी अवधि तक रहने पर **FRRO में पंजीकरण से छूट**।
- **आर्थिक, वित्तीय और शैक्षणिक क्षेत्रों में** NRI के समान अधिकार।

सीमाएँ और प्रतिबंध:

- **राजनीतिक अधिकार नहीं:**
  - मतदान का अधिकार नहीं
  - सार्वजनिक पदों पर नियुक्ति का अधिकार नहीं
  - संविधानिक पदों (जैसे राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, न्यायाधीश) पर नियुक्ति वर्जित
- **अन्य सीमाएँ:**
  - **सरकारी नौकरी नहीं कर सकते**
  - **कृषि भूमि या फार्मलैंड खरीदने की अनुमति नहीं**

2023 तक 129 देशों से 45 लाख से अधिक पंजीकृत OCI कार्डधारक थे:

- **अमेरिका**: 16.8 लाख
- **यूके**: 9.34 लाख
- **ऑस्ट्रेलिया**: 4.94 लाख
- **कनाडा**: 4.18 लाख

2021 में संशोधित नियम (4 मार्च 2021 के अनुसार):

- **संरक्षित क्षेत्रों** (जैसे जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश) में जाने के लिए अब **पूर्व अनुमति अनिवार्य**।
- **अनुमति आवश्यक गतिविधियाँ:**
  - कोई भी **शोध कार्य**
  - **मिशनरी**, **तबलीगी**, या **पत्रकारी गतिविधियाँ**
  - कोई भी **संरक्षित, प्रतिबंधित या निषिद्ध क्षेत्र** में यात्रा
- **आर्थिक/शैक्षणिक अधिकारों में बदलाव:**
  - **OCI कार्डधारकों को अब विदेशी नागरिक** माना गया है, न कि NRI जैसा।
  - **Foreign Exchange Management Act (FEMA), 2003** के तहत ये नियम लागू हैं।

निष्कर्ष:

OCI कार्ड भारतीय मूल के विदेशियों को भारत से जुड़ाव का अवसर प्रदान करता है, बिना पूर्ण नागरिक अधिकारों के। यह भारत सरकार की नीति को दर्शाता है जिसमें नागरिकता और प्रवासी स्थिति के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखा गया है।

Take It Down अधिनियम / Take It Down Act

संदर्भ:

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में **"Take It Down Act" पर** हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत बिना सहमति के साझा की गई अंतरंग तस्वीरों, विशेष रूप से AI-जनित डीपफेक इमेजेस, को आपराधिक कृत्य घोषित किया गया है। वर्तमान में, AI टूल्स की बढ़ती उपलब्धता के कारण बिना सहमति वाले डीपफेक कंटेंट का प्रसार वैश्विक स्तर पर तकनीकी नियमन से कहीं तेज़ गति से हो रहा है।

क्या है Down Act?

- यह अधिनियम **किसी की सहमति के बिना अंतरंग चित्रों को प्रकाशित करना या प्रकाशन की धमकी देना** अवैध बनाता है।
- इसमें **AI द्वारा बनाए गए "डीपफेक"** चित्र भी शामिल हैं।

मुख्य प्रावधान-

- यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य की **इंटिमेट तस्वीर या वीडियो जानबूझकर पोस्ट करता है** (या उसकी धमकी देता है) – यह **दंडनीय अपराध** है।
- **सोशल मीडिया कंपनियों और वेबसाइटों को**:
  - पीड़ित द्वारा सूचना मिलने के **48 घंटों के भीतर** उस सामग्री को हटाना अनिवार्य है।
  - **एक जैसी अन्य डुप्लिकेट सामग्री** को भी हटाने के लिए कदम उठाने होंगे।

प्रभाव और महत्व:

- यह अधिनियम **डिजिटल निजता की सुरक्षा** और **ऑनलाइन उत्पीड़न** के खिलाफ **महत्वपूर्ण कानूनी सुरक्षा** प्रदान करता है।
- **AI और डीपफेक तकनीक के दुरुपयोग** को रोकने में एक अहम कदम माना जा रहा है।

क्या हैं Deepfakes?

- Deepfakes वे कृत्रिम मीडिया सामग्री (वीडियो, ऑडियो, या चित्र) हैं जो Deep Learning एल्गोरिद्म से बनाई जाती हैं ताकि उन्हें वास्तविक जैसा दिखाया जा सके।
- यह शब्द "Deep Learning" और "Fake" (नकली) का संयोजन है।
- इसका उपयोग किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज़ या हावभाव को डिजिटल रूप से बदलने में किया जाता है

Deep Learning क्या है?

- **Machine Learning** की एक उन्नत शाखा है।
- इसमें **बहु-स्तरीय न्यूरल नेटवर्क** होते हैं जो **मानव मस्तिष्क की निर्णय लेने की क्षमता की नकल** करते हैं।

Deepfakes से उत्पन्न खतरे:

- किसी कंपनी के सीईओ या अधिकारी का रूप धारण करके धोखाधड़ी से पैसे ट्रांसफर करवा सकते हैं।
- राजनीतिक नेताओं के नकली वीडियो बनाकर गलत जानकारी फैलाई जा सकती है।
- मीडिया की साख को नुकसान पहुंचता है – असली वीडियो की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है।
- सामाजिक विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थानों पर असर डाल सकते हैं।

भारत में Deepfakes और डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए कानूनी प्रावधान:

1. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000:

- **धारा 66E**: निजी जानकारी जैसे चित्र आदि को बिना अनुमति इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साझा करने पर दंड।
- **धारा 67**: अश्लील सामग्री को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रसारित करने पर सज़ा।

2. भारतीय दंड संहिता, 1860 (अब: भारतीय न्याय संहिता – BNS, 2023):

- **धारा 356**: मानहानि (Defamation) से संबंधित।
- **धारा 111**: संगठित अपराध (Organized Crime)।
- **धारा 316**: डिजिटल रूप में चोरी (Theft in Digital Form)।
- **धारा 318**: धोखाधड़ी (Cheating) से संबंधित प्रावधान।

3. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023:

- **बिना अनुमति व्यक्तिगत डेटा के प्रोसेसिंग पर रोक** और सख्त दंड का प्रावधान।

4. महिलाओं का अशोभनीय प्रस्तुतीकरण (निषेध) अधिनियम, 1986: महिलाओं की अशोभनीय छवि या प्रस्तुति को प्रतिबंधित करता है – विज्ञापन, प्रकाशन या चित्रों के माध्यम से।

जन्मसिद्ध नागरिकता / Birthright Citizenship

संदर्भ:

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उस मामले में दलीलें सुनीं, जो अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा जारी एक कार्यकारी आदेश से संबंधित है। यह आदेश उन बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इनकार करता है, जो अमेरिका में अवैध या अस्थायी रूप से रह रहे माता-पिता के यहाँ जन्मे हैं।

Birthright Citizenship: एक कानूनी सिद्धांत:

मूल परिभाषा: Birthright Citizenship वह कानूनी सिद्धांत है जिसके अंतर्गत कोई व्यक्ति जन्म के समय ही नागरिकता प्राप्त कर लेता है –

यह या तो जन्मस्थान (Place of Birth) या माता-पिता की नागरिकता (Nationality of Parents) पर आधारित होता है।

मुख्य प्रकार:

1. **Jus Soli (धरती का अधिकार)-**
   - नागरिकता उस व्यक्ति को दी जाती है जो देश की भूमि पर जन्म लेता है – माता-पिता की नागरिकता मायने नहीं रखती।
   - **उदाहरण**: *संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)*
2. **Jus Sanguinis (रक्त का अधिकार)-**
   - नागरिकता माता-पिता की राष्ट्रीयता के आधार पर दी जाती है, चाहे जन्मस्थान कहीं भी हो।
   - **उदाहरण**: *भारत*

अमेरिका का 14वां संशोधन:

- **वर्ष**: 1868 में अनुमोदित।
- **व्याख्या**: यह क्लॉज यह सुनिश्चित करता है कि अमेरिका की भूमि पर जन्म लेने वाला कोई भी व्यक्ति – चाहे उसके माता-पिता की आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो – अमेरिकी नागरिक होगा।

भारत बनाम अमेरिका

- **भारत**: Jus Sanguinis का पालन करता है – माता-पिता की नागरिकता आवश्यक है।
- **अमेरिका**: Jus Soli का पालन करता है – जन्मस्थान ही पर्याप्त है।

वैकल्पिक निवेश कोष / AIF

संदर्भ:

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने विनियमित संस्थाओं (Regulated Entities - REs) द्वारा वैकल्पिक निवेश फंड (Alternative Investment Funds - AIFs) में निवेश पर लगी पाबंदियों को आसान बनाने के लिए संशोधित दिशानिर्देशों का प्रस्ताव रखा है।

वैकल्पिक निवेश कोष (Alternative Investment Fund - AIF):

परिभाषा: वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) ऐसा कोई भी कोष होता है जो भारत में स्थापित या समेकित होता है और एक निजी रूप से एकत्रित निवेश साधन (Privately Pooled Investment Vehicle) के रूप में कार्य करता है। यह कोष भारतीय या विदेशी परिष्कृत (सक्षम) निवेशकों से धन एकत्र करता है और एक परिभाषित निवेश नीति के अनुसार उस धन का निवेश करता है, ताकि निवेशकों को लाभ प्राप्त हो।

नोट: AIF में वे कोष शामिल नहीं होते जो निम्नलिखित नियमन के अंतर्गत आते हैं:

- सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996
- सेबी (समूहिक निवेश योजनाएं) विनियम, 1999
- या सेबी द्वारा कोष प्रबंधन गतिविधियों को विनियमित करने के लिए बनाए गए अन्य कोई भी विनियम।

AIF की श्रेणियाँ:

श्रेणी-I AIF:

- ऐसे क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिन्हें सरकार या नियामक सामाजिक या आर्थिक रूप से लाभकारी मानते हैं।
- उदाहरण: स्टार्टअप्स, लघु एवं मध्यम उद्यम (SMEs), अधोसंरचना (Infrastructure), सामाजिक उद्यम ।

श्रेणी-II AIF:

- वे कोष जो न तो श्रेणी-I और न ही श्रेणी-III में आते हैं।
- सामान्यत: इनमें प्राइवेट इक्विटी फंड्स, रियल एस्टेट फंड्स और संकटग्रस्त परिसंपत्ति फंड्स (Distressed Asset Funds) शामिल होते हैं।

श्रेणी-III AIF:

- उच्च जोखिम और उच्च लाभ की रणनीतियों के लिए बनाए गए कोष।
- इन्हें लीवरेज (Leverage) और जटिल व्यापारिक रणनीतियों (जैसे सूचीबद्ध या गैर-सूचीबद्ध डेरिवेटिव्स में व्यापार) अपनाने की अनुमति होती है।

ऑपरेशन ओलिविया / Operation Olivia

संदर्भ:
ओडिशा के रुषिकुल्या नदीमुख क्षेत्र में 6.98 लाख से अधिक ऑलिव रिडले कछुओं के रिकॉर्ड स्तर पर घोंसले बनाने में "ऑपरेशन ओलिविया" ने अहम भूमिका निभाई है।

ऑपरेशन ओलिविया:

- **आरंभ:** यह एक **वार्षिक मिशन** है जिसे **भारतीय तटरक्षक बल (Indian Coast Guard)** द्वारा **नवम्बर से मई** के बीच चलाया जाता है।
- **उद्देश्य:** ओडिशा के **गहीरमाथा तट** और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में **ओलिव रिडले कछुओं के सुरक्षित प्रजनन स्थलों** की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- **महत्व:** हर साल यहां **8 लाख से अधिक ओलिव रिडले कछुए** अंडे देने आते हैं।

ओलिव रिडले कछुए के बारे में:

- **नाम की उत्पत्ति:** इसके हृदय के आकार के खोल का जैतूनी हरा रंग (Olive Green) इसके नाम का आधार है।
- **आहार:** ये **मांसाहारी** होते हैं और मुख्यत: **जेलिफ़िश, श्रिम्प (झींगा)** आदि खाते हैं।
- **वितरण क्षेत्र:** प्रमुख रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के प्रशांत, हिंद और अटलांटिक महासागरों में पाए जाते हैं।
- **भारत में प्रमुख नेस्टिंग स्थल:**
  - रुशिकुल्या तट (Odisha)
  - गहीरमाथा तट (भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान)
  - देबी नदी का मुहाना

विशेषताएँ: ये अपने विशिष्ट सामूहिक अंडे देने की प्रक्रिया 'अरिबाडा (Arribada)' के लिए प्रसिद्ध हैं, जिसमें हज़ारों मादा कछुए एक ही तट पर एक साथ अंडे देती हैं।

संरक्षण स्थिति:

- **IUCN रेड लिस्ट:** संकटग्रस्त (Vulnerable)
- **CITES:** अनुक्रमणिका-I (Appendix I)
- **भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972:** अनुसूची-I में सूचीबद्ध

E-Zero FIR पहल / E-Zero FIR Initiative

संदर्भ:
भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) ने *e-Zero FIR* पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत ₹10 लाख से अधिक के वित्तीय साइबर अपराध की शिकायतें स्वत: ही प्राथमिकी (FIR) में परिवर्तित की जाएंगी।

क्या है ई-ज़ीरो एफआईआर पहल?

- यह एक **नई प्रणाली** है जिसमें **₹10 लाख से अधिक की वित्तीय साइबर ठगी** की शिकायतें **स्वत: एफआईआर में परिवर्तित** हो जाती हैं।
- शिकायतें **1930 हेल्पलाइन** या **राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP)** के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए।

प्रारंभ और संचालन:

- इसे **गृह मंत्रालय (MHA)** के अंतर्गत **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)** द्वारा **दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट** के रूप में शुरू किया गया है।
- **दिल्ली के ई-क्राइम पुलिस स्टेशन** को इस पहल के तहत **ई-एफआईआर पंजीकरण और केस ट्रांसफर** के लिए अधिसूचित किया गया है।

उद्देश्य:

- **बड़े पैमाने पर होने वाले साइबर धोखाधड़ी मामलों की जांच में तेजी** लाना।
- पीड़ितों को **शीघ्र न्याय** और **साइबर अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई** सुनिश्चित करना।

पृष्ठभूमि / कारण:

- यह पहल उन **लंबे समय से चली आ रही शिकायतों** को संबोधित करती है, जिनमें **एफआईआर दर्ज करने में देरी** और **चोरी किए गए पैसे की रिकवरी में कठिनाई** का सामना करना पड़ता था।

कानूनी आधार: यह प्रणाली **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita - BNSS)** के

- **धारा 173(1)** और
- **धारा 1(ii)** के प्रावधानों के अनुरूप तैयार की गई है।


GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
ECONOMY
POLITY
HISTORY
GEOGRPHY
1500X4
₹ 6000/-
₹4500/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR


GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
IF ANYONE INTRESTED IN ONLY
HISTORY
FEE
₹ 2000/-
₹1499/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR

GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
IF ANYONE INTRESTED IN ONLY
ECONOMY
FEE
₹ 2000/-
₹1499/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR

जानिए
भारतीय संविधान
CONSTITUTION OF INDIA
मात्र
1499/- Year
Enroll Now !
1 year validity

GS FOUNDATION
Hand Written Notes
Pathshala
भारतीय भूगोल
भौतिक तथा विश्व भूगोल
BEST OFFER
1999Rs
4 पुस्तकों का
सम्पूर्ण सेट
अधिक जानकारी के लिए दिए
गए नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
Bilingual
By Ankit Avasthi Sir

UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,
और अन्य सभी सरकारी परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण
RNA : Real News Analysis
MONTHLY CURRENT AFFAIRS
UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,
MONTH
जनवरी, 2025
By Ankit Avasthi Sir
MONTHLY MAGAZINE
FREE!
अधिक जानकारी के लिए दिए गए
नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
Billingual
ANKIT AVASTHI SIR


RAS FOUNDATION
HAND WRITTEN NOTES
अधिक जानकारी के लिए दिए गए नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
BEST OFFER
4500 Rs
By Ankit Avasthi Sir

RRB NTPC
TEST SERIES
100+ Mock Test
78 Sectional Test
40+ years PYPs
60+ Current affairs
TEST
Only
99
Per Year
Buy Now

APNI PATHSHALA

UPPSC,RO/ARO,BPSC,UP TEST SERIES

UPPSC
(TEST SERIES)
299/- YEAR
- 35+ MOCK TESTS
- 40+ PYQ'S
- 180+ TOPIC WISE TEST
- 60+ CURRENT AFFAIRS

RO/ARO
(TEST SERIES)
ONLY 299/- YEAR
- 50+ MOCK TESTS
- 30+ PYQ'S
- 10+ TOPIC WISE TEST
- 65+ CURRENT AFFAIRS

BPSC
(TEST SERIES)
ONLY 299 YEAR
- 50+ MOCK TESTS
- 30+ PYQ'S
- 10+ TOPIC WISE TEST
- 65+ CURRENT AFFAIRS

SSC (TEST SERIES)
ONLY 99/- YEAR
- 30 MOCK TESTS
- 28+ YEAR PYP
- 12 SECTIONAL TEST
- 60+ CURRENT AFFAIRS

RPF (TEST SERIES)
ONLY 99/- YEAR
- 40 MOCK TESTS
- 2 YEAR PYQ'S
- 4 SECTIONAL TEST
- 10 PRACTICE TEST
- 60 CURRENT AFFAIRS

Download | Application

Apni Pathshala

7878158882

Apni.Pathshala Avasthiankit

AnkitAvasthiSir kaankit

ANKIT AVASTHI SIR

CALL CENTRE

7878158882

HOW MAY I HELP YOU

AnkitInspiresIndia

Download "Apni Pathshsla" app now!

Follow us: